# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 17/08/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Times of media, New delhi, (DL)**

# केंद्रीय विदेश एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने 'मेरी माटी मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा' यात्रा को हरी झंडी दिखाई

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में केंद्रीय विदेश एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने मेरी माटी मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई इसी अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का कहना था कि अमृत काल शुरू हो रहा है और इस अवधि के दौरान हमें देश को सफलताओं की ऊंचाई तक ले जाना है । यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर पूरी ऊर्जा के साथ इस दिशा में काम करेंगे । देश इस बार जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहा है यह भारत के लिए गौरव की बात है । मेरी माटी मेरा देश में हर घर तिरंगा अभियान से प्रेरणा लेकर उत्तर पूर्वी दिल्ली के वजीराबाद पुस्ता रोड पर कार्यरत आर ए एफ 103 बटालियन के कमाण्डेट श्री धर्मेंद्र सिंह पीएमजी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मेरी माटी मेरा देश, हर घर तिरंगा अभियान चलाया। इस अभियान के तहत अपने क्षेत्र अधिकार में आने वाले विद्यालयों में लगभग 6 से 7 हजार तिरंगे झंडों का वितरण किया जिसमें पुष्पांजलि मॉडल पब्लिक स्कूल बिहारीपुर ,मां सरस्वती मॉडर्न पब्लिक स्कूल ,डेविड मॉडर्न पब्लिक स्कूल, तितिक्षा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में झंडे वितरण कर इस अभियान को आगे बढ़ाया साथ ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अपनी सेवा देने वाले भूतपूर्वी सैनिकों का सम्मान मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन, मेरी माटी मेरा देश ,अभियान कार्यक्रम के तहत दिया गया । वहीं मानव सेवा के तहत 103 बटालियन के सभी अधिकारियों एवं जवानों द्वारा अपने स्तर राशि 27500 हजार रुपए नगद अनुकृति विशेष विद्यालय मानसिक दिव्यांग बच्चों के शिक्षक के लिए प्रदान किए गए वहीं 27500 आशियाना वृद्ध आश्रम नंद नगरी को अंशदान के रूप में दिया गया कुल धनराशि 55 हजार रुपए दी गई । एवं दिव्यांग बच्चों को तिरंगे झंडे वितरण किए गए इस कार्यक्रम को आर.ए.एफ. 103 बटालियन के कमांडेंट श्री धर्मेंद्र सिंह पीएम जी के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने केए लिए नवीन कुमार डिप्टी कमांडेंट, रंजीत सिंह डिप्टी कमांडेंट, सौरव यादव डिप्टी कमांडेंट, मनफूल असिस्टेंट कमांडेंट ,अमित असिस्टेंट कमांडेंट, विकास असिस्टेंट कमांडेंट ,और बटालियन के कार्मिको ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।



Times of media, New delhi, (DL)

# आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 103 बटालियन के कार्मिकों और अधिकारी गणों ने बाइक रैली में हिस्सा लिया

पूर्वी दिल्ली। राजधानी दिल्ली समेत पूरे भारत में आजादी के 76 वे जस्न को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है स्कूल कॉलेज हो या सरकारी संस्थाएं या गैर सरकारी संस्थाएं सभी में आजादी के इस पर्व को मनाया जाता है जगह-जगह तिरंगा यात्राएं बाइक रेलिया निकालकर यह संदेश दिया जाता है कि हमें यह आजादी किस तरह मिली आजादी के इस जश्न को 15 अगस्त को मनाया जाता है और इस दिन हमारे उन वीर शहीदों की शहादत को भी नमन किया जाता है जिन वीर जवानों के बलिदान से देश को आजादी मिली ।आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में इस बाइक रैली का आयोजन आर ए एफ 103 बटालियन के कमांडेंट श्री धर्मेंद्र सिंह पीएमजी के मार्गदर्शन में किया गया।





इसी कड़ी में उत्तर पूर्वी दिल्ली में वजीराबाद पुस्ता रोड पर स्थित इस बाइक रैली में आर ए एफ 103 बटालियन के कार्मिकों और अधिकारी गणों ने हिस्सा लिया । आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आर ए एफ 103 बटालियन के कमांडेंट श्री धर्मेंद्र सिंह पीएमजी जी के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आप तस्वीरों में देख सकते हैं किस तरीके से बटालियन के कार्मिक और अधिकारी गण बाइकों पर झंडा लगाकर पूरे नियम के अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बाइक रैली निकालकर यह संदेश दे रहे हैं कि हम किस तरह से देशभक्ति की भावना के प्रति लोगों को जागरुक कर सकते हैं आर ए एफ 103 बटालियन के कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह पीएमजी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में इस बाइक रैली का आयोजन किया गया है यह बाइक रैली बटालियन के कैंप से बिहारीपुर डीएलएफ अंकुर विहार आदि क्षेत्रों से निकाली गई और लोगों को देशभक्ति की भावना के प्रति यह संदेश दिया गया कि आप भी अपने देश के प्रति देशभक्ति की भावना रखें ताकि देश आगे बढ़े । देश अपना आजादी का 75 व अमृत महोत्सव मना रहा है और इसी के तहत आर ए एफ 103 बटालियन की तरफ से बाइक रैली का आयोजन किया गया । इस बाइक रैली को सफल बनाने के लिए श्री रंजीत सिंह उप कमांडेंट ,श्री नवीन कुमार उप कमांडेंट ,श्री सौरभ कुमार उप कमांडेंट, श्री विकास कुमार सहायक कमांडेंट, श्री राजेंद्र सिंह सहायक कमांडेंट, श्री बालकृष्ण सहायक कमांडेंट, श्री राजपाल सहायक कमांडेंट, श्री अमित तराल सहायक कमांडेंट, श्री मनफूल महरिया सहायक कमांडेंट,सूबेदार मेजर अनिल कुमार ,निरीक्षक परिचालक अताउर रहमान और बटालियन के कार्मिकों के सहयोग से इस भव्य रैली का आयोजन हुआ

Avenut news , Jamshedpur, (JKD)

# Flag hoisting at RAF Camp



**Jamshedpur, August 16:** India's 77th Independence Day was celebrated with full enthusiasm at the 106th Battalion RAF (RAF) Camp Complex, Sundernagar. Battalion Commandant Nishit Kumar was present as the chief guest in the programme. He unfurled the national flag and saluted the tricolor. After this, the officers and personnel were told about the importance of this historic day. At the end of the program, sweets were distributed among all the people present by the chief guest and other officials. On this occasion, according to the tradition of Central Reserve Police Force, a big dinner and cultural program was organized in the corps. (w/rg)

**Dainik lok mitra , Prayagraj, (UP)**

# आरएएफ के जवानों ने स्वतन्त्रता दिवस बड़े धूम धाम से मनाया




**फाफामऊ ।** आर ए एफ के प्रांगण में 77वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वाहिनी के कमांडेण्ट श्री मनोज कुमार गौतम, ने परम्परागत रूप से क्वार्टर गार्ड में सलामी ली व राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं सभी कार्मिकों व उनके परिवारजनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। कमांडेण्ट महोदय द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व द्रुत कार्य बल के उन सभी कार्मिको के नाम की उद्घोषणा की जिन्होने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी वीरता एवं सराहनीय कार्य के लिए पदक प्राप्त किए। साथ ही ÷मेरी माटी मेरा देश÷ अभियान के तहत बल के सभी वीरों का नमन किया तथा वाहिनी के सभी कार्मिकों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। इसके उपरांत उपस्थित सभी जवानों को मिष्ठान वितरण किया गया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ही कैम्पस में स्थित मॉन्टेसरी स्कूल में कमांडेण्ट-101 व कावाध्यक्षा प्रीती गौतम ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ मिलकर ध्वज फहराया। इस अवसर पर मॉन्टेसरी स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। तत्पश्चात् कावाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम के द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं स्कूल के सभी बच्चों एवं टीचरों को मिष्ठान वितरित किया गया। संध्या के समय वाहिनी में वॉलीवाल मैच एवं सभी मेसों में बड़ा खाना का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रेमजीत सिंह (डीडब्ल्यूसी), विनोद कुमार (डिप्टी कमांडर), ब्रिजेश कुमार दुबे (डिप्टी कमांडर) टी.एन सिंह (डिप्टी कमांडर) डॉ. अशोक कुमार (एसएमओ) अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, सैनिक और उनके परिवार उपस्थित थे।

Gujarat vaibhav, Ahmedabad, (GUJ)

# 100 वाहिनी द्रुत कार्य बल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**अहमदाबाद।** आरएएफ स्थित प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ उपलक्ष्य में गोविन्द प्रसाद उनियाल, कमाण्डेन्ट 100वीं द्रुत कार्य बल के कुशल मार्गदर्शन में वाहिनी प्रांगण के क्वाटर गार्ड में समीर कुमार राव, (द्वितीय कमान अधिकारी), के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इस समारोह में वाहिनी के राजपत्रित अधिकारियों ने अपनी उपस्थिती दर्शाते हुए आज के स्वतंत्रता दिवस को मनाया। समीर कुमार राव, (द्वितीय कमान अधिकारी), द्वारा जवानों और अधिकारियों को और उनके परिवार जनो को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा की स्वतंत्रता के इस पावन बेला पर यह दिन हम सभी के लिए अपनी प्राणों की आहुति देनेवालो को याद करने का है, इस अवसर पर महोदय द्वारा सीआरपीएफ के शौर्य पदक, वीरता पदक विजेताओं के नाम सबके समक्ष पढकर सुनाया, जिसमें 1–शौर्य चक्र, 4–किर्ती चक मरणोपरांत, 1–विरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, 2– विरता के लिए पुलिस पदक मरणोपरांत, 52 – वीरता के लिए पुलिस पदक, 61 – पुलिस पदक मरणोपरांत–61, कुल पदक – 121 सीआरपीएफ द्वारा प्राप्त किए है।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**